राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–5) विभाग

विषयः– 46 नगर निकायों के साधारण निर्वाचन एवं 12 नगर निकायों के वार्डो में उप चुनाव नवम्बर, 2014 आदर्श आचार संहिता की पालना के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषय में राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान से प्राप्त पत्र क्रमांक एफ. 4(1)(3)नपा/रानिआ/2014/5060 दिनांकः 28.10.2014 की छाया प्रति संलग्न कर निर्देशानुसार लेख है कि कृपया राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के दौरान आयोग के दिशा–निर्देशों (सा0प्र0वि0 की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है) की पूर्ण पालना सुनिश्चित करावें।

(अरविन्द कुमार छोलक)
शासन सहायक सचिव

1. डिप्टी चीफ ऑफ प्रोटोकॉल, सा0 प्र0 (ग्रुप–1) विभाग।
2. वरिष्ठ शासन उप सचिव, मंत्रिमंडल/स्टेट मोटर गैराज विभाग।
3. शासन उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग।

अशा.टीप. संख्या : प.15(8)साप्र/5/2014
जयपुर, दिनांकः 31-10-14

प्रतिलिपिः प्रबन्धक, समस्त विश्राम भवन, राजस्थान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

शासन सहायक सचिव

Room No.1124 Main Building, Secretariat, Jaipur-302005
Tel.No.(D.S.)-0141-2227874/9414177555 (SO)9460408044 (Fax)-5116626,2227928
Website: www.gad.rajasthan.gov.in, Email-arvind.kc@rajasthangov.in

राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

(द्वितीय तल, विकास खण्ड, सचिवालय, जयपुर–302005)
email- secraj@rajasthan.gov.in & secrajasthan@gmail.com, Ph./FAX 0141-2227280, 2227072

क्रमांकः एफ 4(1)(3)नपा/रानिआ/2014/ 560 दिनांक : 28.10.2014

शासन सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
राजस्थान सरकार, जयपुर।

विषय :– 46 नगरपालिकाओं के आम चुनाव एवं 12 नगर निकायों के 13 वार्डो के उप चुनाव नवम्बर, 2014 – आदर्श आचरण संहिता की पालना के संबंध में।

महोदय,

आयोग द्वारा 46 नगरपालिकाओं के आम चुनाव एवं 12 नगर निकायों के 13 वार्डो के उप चुनाव (सूची संलग्न) नवम्बर–2014 करवाये जाने हेतु कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। कार्यक्रमानुसार चुनाव के लिये मतदान दिनांक 22.11.2014 को होगा और निर्वाचन हेतु अधिसूचना दिनांक 07.11.2014 को जारी होगी। घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में लागू हो गये हैं, जो चुनाव प्रकिया समाप्ति तक लागू रहेंगे। अतः आदर्श आचरण संहिता (प्रति संलग्न) के भाग–7 की पालना सुनिश्चित करवायी जावे। आदर्श आचरण संहिता की पालना हेतु निम्नांकित बिन्दुओं पर भी राजकीय आदेश प्रसारित करना वांछनीय है :–

1. माननीय मंत्री गण चुनाव से संबंधित नगरपालिका क्षेत्र में चुनाव समाप्ति तक शासकीय दौरे पर नहीं जायेंगे। केवल ऐसी स्थिति में जहां कानून व्यवस्था बिगड़ जाने पर या किसी आपात स्थिति के कारण संबंधित विभाग के माननीय मंत्री की उपस्थिति आवश्यक है, वहां उक्त प्रतिबंध लागू नहीं होगा लेकिन इसकी सूचना विभाग के शासन सचिव द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी जावेगी।
2. माननीय मंत्रीगण चुनाव से संबंधित नगरपालिका क्षेत्र में दौरे पर रहें तो सरकारी वाहन का प्रयोग नहीं करें और यदि निजी वाहन का प्रयोग करते हैं तो उस पर लालबत्ती या सायरन आदि का प्रयोग नहीं करें।
3. माननीय मंत्रीगण चुनाव से संबंधित नगरपालिका क्षेत्र में दौरे पर रहें तो चुनाव से संबधित अधिकारियों को नहीं बुलाऐ।
4. माननीय मंत्री गण जब चुनाव से संबंधित नगरपालिका क्षेत्र में रहें वहां स्थित विश्राम गृह, डाक बंगलो या अन्य सरकारी आवासों का या इससे संलग्न परिसरों का उपयोग प्रचार कार्यालय के रूप में या चुनाव से संबंधित कोई बैठक करने की दृष्टि से नहीं करें।
5. सरकारी विश्राम गृहों, डाक बंगलों या अन्य सरकारी आवासों को निष्पक्ष तरीके से अन्य दलों या अभ्यर्थियों को भी उपयोग करने की अनुमति दी जावेगी, लेकिन वे भी उनका चुनाव से संबंधित कार्य में इस्तेमाल नहीं करेंगे।
6. सरकारी अधिकारी, माननीय मंत्रीगण के दौरे के समय उनके किसी स्वागत में या प्रोटोकॉल में नहीं जायेंगे।

उपरोक्तानुसार निर्देश प्रसारित कर आयोग को भी अवगत करावें।

संलग्नः–चुनाव कार्यक्रम एवं सूची।

भवदीय,

(सत्य प्रकाश बसवाला)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव

क्रमांकः एफ 4(1)(3)नपा/रानिआ/2014/ 561 दिनांक : 28.10.2014

प्रतिलिपि जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, बीकानेर, बारां, भरतपुर, चित्तौड़गढ़, चूरू, धौलपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालौर, जयपुर, झुंझुनूं, जोधपुर, करौली, कोटा, नागौर, पाली, राजसमंद, सीकर, श्रीगंगानगर, सिरोही, टोंक एवं उदयपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

(अशोक कुमार जैन)
उप सचिव

Sh. Deep Chand

F:\Sanjay\GOPI'S DATA\NP\F4(1)(3)NP SEC 14_Gen. Election_Prg.2014.doc

319

नगर निकायों का आम/उप चुनाव कार्यक्रम

(माह नवम्बर, 2014)

1.	लोक सूचना जारी करने की तिथि	07.11.2014 (शुक्रवार)
2.	नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि	11.11.2014 (मंगलवार)
3.	नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि	12.11.2014 (बुधवार)
4.	अभ्यर्थिता वापिस लेने की अन्तिम तिथि	14.11.2014 (शुक्रवार)
5.	चुनाव चिन्हों का आवंटन	15.11.2014 (शनिवार)
6.	मतदान की तिथि एवं समय	22.11.2014 (शनिवार) (प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक)
7.	मतगणना की तिथि एवं समय	25.11.2014 (मंगलवार) (प्रातः 8 बजे से)
8.	अध्यक्षीय पदों के निर्वाचन की तिथि	26.11.2014 (बुधवार)
9.	उपाध्यक्षीय पदों के निर्वाचन की तिथि	27.11.2014 (गुरूवार)

F:\Sanjay\GOPI'S DATA\NP\F4(1)(3)NP SEC 14_Gen. Election_Prg.2014.doc
53